Sl.No. :

नामांक **Roll No.**

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

SS–11–Pol.Sc.(D&D)

उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) परीक्षा, 2017

राजनीति विज्ञान

POLITICAL SCIENCE

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

5) प्रश्न संख्या / अंक प्रत्येक प्रश्न / उत्तर की शब्द सीमा

प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न	उत्तर की शब्द सीमा
1 - 9	1	20 शब्द
10 - 17	2	40 शब्द
18 - 27	4	100 शब्द
28 - 30	5	150 शब्द

6) प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं।

1) सोवियत संघ का विघटन कब हुआ ? **[1]**

2) अमरीका स्थित न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आतंकी हमला कब हुआ ? **[1]**

3) आतंकवाद सुरक्षा के लिए परम्परागत खतरे की श्रेणी में आता है या अपरंपरागत। **[1]**

4) 'विश्व की सांझी विरासत' से क्या आशय है । [1]

5) कौनसी पार्टी लोकसभा के पहले आम चुनाव में 16 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रही ? [1]

6) भारत व चीन के बीच विवाद का सबसे बड़ा मुद्दा क्या रहा है ? [1]

7) भारत में योजना आयोग की स्थापना कब की गई ? [1]

8) भारत में आपातकाल की घोषणा कब की गई ? [1]

9) भारत का ऐसा कौनसा राज्य है, जिसका अपना अलग संविधान है ? [1]

10) वारसा संधि की स्थापना कब की गई ? इसका मुख्य कार्य क्या था ? [2]

11) क्षेत्रीय संगठनो को बनाने के उद्देश्य क्या है? [2]

12) आज की चीनी अर्थव्यवस्था नियंत्रित अर्थव्यवस्था से किस तरह अलग है ? [2]

13) परम्परागत एवं अपरम्परागत सुरक्षा में क्या अन्तर है ? [2]

14) रियो सम्मेलन के दो परिणाम बताइए । [2]

15) यहाँ दो सूचियाँ दी गई है । पहले में नेताओं के नाम दर्ज है और दुसरे में दलों के । दोनो सूचियों के मेल बैठाएं - [2]

क)	एस.ए.डांगे	i)	भारतीय जनसंघ
ख)	श्यामाप्रसाद मुखर्जी	ii)	स्वतन्त्र पार्टी
ग)	मीनू मसानी	iii)	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
घ)	अशोक मेहता	iv)	भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

16) करगिल संघर्ष पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । [2]

17) नेहरू विदेशनीति के संचालन को स्वतन्त्रता का एक अनिवार्य संकेतक क्यों मानते थे ? दो कारण बताइए । [2]

18) नाटो की स्थापना कब की गई? इसका मुख्य कार्य क्या था ? [4]

19) अमरीकी वर्चस्व की राह में कौन से व्यवधान है? आपके जान्ते इनमें से कौनसा व्यवधान आगामी दिनों में सबसे महत्वपूर्ण साबित होगा ? [4]

20) भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष में समर्थन आप कैसे करेंगे ? अपने प्रस्ताव का ओचित्य सिध्द करो । [4]

21) विश्वव्यापी 'पारस्परिक जुड़ाव' क्या है? इसके कौन कौन से घटक है ? [4]

22) हरित क्रान्ति क्या थी ? इसके दो सकारात्मक परिणाम लिखिए । [4]

23) 1970 के दशक में इन्दिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई ? [4]

24) जनता पार्टी ने 1977 में शाह आयोग को नियुक्त किया था । इस आयोग की नियुक्ति क्यों की गई थी? [4]

25) पंजाब समझौते के प्रमुख प्रावधान क्या थे ? [4]

26) क्या आप शराब विरोधी आन्दोलन को महिलाआन्दोलन का दर्जा दोगे ? कारण बताइए । [4]

27) कांग्रेस के प्रभुत्व का दौर समाप्त हो गया है । इसके बावजूद देश की राजनीति पर कांग्रेस का असर लगातार कायम है । क्या आप इस कथन से सहमत है ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए । [4]

28) शॉक थेरेपी से क्या आशय है? इसके क्या परिणाम हुए ? [5]

अथवा

सोवियत संघ के विघटन के कारणों का वर्णन करो ।

29) श्रीलंका के जातीय और लोकतंत्र का वर्णन कीजिए । [5]

अथवा

दक्षेस (सार्क) क्या है? दक्षिण एशिया में दक्षेस (सार्क) की भूमिका व सीमाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें ।

30) राज्य पुनर्गठन आयोग का काम क्या था? इसकी प्रमुख सिफारिशे क्या थी ? [5]

अथवा

भारत के रजवाड़ो के विलय (एकीकरण) का वर्णन करो ।

❍❍❍

DO NOT WRITE ANYTHING HERE